पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पी0ए0 संगमा के निधन पर दुःख व्यक्त किया</u>

लखनऊः 4 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मेघालय श्री पी0ए0 संगमा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व0 पी0ए0 संगमा को राष्ट्रीय राजनीतिक का लम्बा अनुभव था तथा वे संसदीय परम्परा के अच्छे जानकार थे। स्व0 संगमा आठ बार लोकसभा के सदस्य रहे हैं। उन्होंने जीवन पर्यन्त पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए कार्य किया। श्री संगमा के साथ लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में रहते हुए काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि श्री संगमा का निधन राजनीतिक क्षेत्र के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन(83/5)